सत्यमेव जयते

भारत की जनगणना, 1981
CENSUS OF INDIA 1981

श्रृंखला 25
SERIES 25

अरुणाचल प्रदेश
ARUNACHAL PRADESH

भाग-II—विशेष
PART-II—SPECIAL

जनसांख्यिकीय रूपरेखा
(पूर्ण गणना पर आधारित)
DEMOGRAPHIC PROFILE
(Based on full count)

वी० एस० वर्मा
भारतीय प्रशासनिक सेवा
भारत के महारजिट्रार और जनगणना आयुक्त
V. S. VERMA
of the Indian Administrative Services
Registrar General & Census Commissioner, India

विषय-सूची
CONTENTS

			पृष्ठ Pages
		भाग-1 Part-I	
प्रस्तावना PREFACE			
अध्याय Chapter	1	जनसंख्या वृद्धि और संरचना Population growth and its composition	3
अध्याय Chapter	2	आयु और वैवाहिक स्थिति के अनुसार जनसंख्या Population by age and marital status	10
अध्याय Chapter	3	प्रजननता Fertility	22
अध्याय Chapter	4	बाल मृत्यु दर Child mortality	38
अध्याय Chapter	5	साक्षरता और शैक्षिक स्तर Literacy	43
अध्याय Chapter	6	कार्यरत जनसंख्या Working population	
अध्याय Chapter	7	प्रवास/स्थान परिवर्तन Migration	81
		भाग-2 Part-II	
सारणी Table	3.1	धर्म के अनुसार प्रजननता सूचकांक Fertility Indices by religion	128
सारणी Table	3.2	जिलों के लिये प्रजननता सूचकांक Fertility Indices by district	130
सारणी Table	3.3	कभी भी पैदा हुए बच्चों का स्त्री/पुरुष अनुपात Sex ratio (Females per 1000 males) of children ever born	133
सारणी Table	3.4	जीवित बच्चों का स्त्री/पुरुष अनुपात Sex ratio (Females per 1000 males) for children surviving	135
सारणी Table	3.5	आयु समूहों, धर्म और जिलों के अनुसार तीन या उससे अधिक के बच्चों वाली कभी भी विवाहित स्त्रियों की प्रतिशतता Percentage of ever married Females with three or more children by age group, religion and district	139
सारणी Table	4.1	जिले के अनुसार बाल मृत्यु दर अनुमान Child mortality estimates by district	141
सारणी Table	4.2	धर्म के अनुसार बाल मृत्यु दर अनुमान Child mortality estimates by religion	143
सारणी Table	4.3	माता के शैक्षिक स्तर के अनुसार बाल मृत्यु दर अनुमान Child mortality estimates by education of mother	144
सारणी Table	5.1	शैक्षिक स्तर के अनुसार 1971 व 1981 की जनगणनाओं के दौरान साक्षर जनसंख्या का आयु, स्त्री/पुरुष और निवास स्थान के अनुसार प्रतिशत विवरण Percentage distribution of literate population by age, sex and strata during 1971 and 1981 censuses by levels of education	145
सारणी Table	7.1	जन्म स्थान के अनुसार प्रवासी 1971-81 Migrants by place of birth, 1971-1981	149
सारणी Table	7.2	पूर्व निवास स्थान के अनुसार प्रवासी 1971-81 Migrants by place of last residence, 1971-81	153

प्रस्तावना

अरुणाचल प्रदेश में व्यक्तिगत पर्ची के आधार पर 1981 की जनगणना में एकत्रित किए गए आंकड़े पहले ही प्रकाशित किए जा चुके हैं। इस रिपोर्ट में प्रकाशित आंकड़ों का विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है। इस रिपोर्ट में अरुणाचल प्रदेश की जनसांख्यिकीय रूपरेखा 1981 की जनगणना के आधार पर प्रस्तुत की गई है। जहां सम्भव हो सका है वहां 1971 की जनगणना के आंकड़ों के साथ तुलना करने का प्रयास भी किया गया है।

1981 की जनगणना की एक महत्वपूर्ण बात यह थी कि इसमें कभी भी पैदा हुए बच्चों और जीवित बच्चों के बारे में भी प्रश्न शामिल किए गए थे, जिनसे अप्रत्यक्ष आंकलन तकनीक के माध्यम से प्रजननता और बाल मृत्यु दर का अनुमान लगाने में सहायता मिली है।

यह रिपोर्ट श्री के०एस० नटराजन, सहायक महारजिस्ट्रार के निर्देशन में जन अध्ययन प्रभाग द्वारा तैयार की गई है। मैं जन अध्ययन प्रभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों का, उनके द्वारा किए गए कठिन परिश्रम के लिए, आभारी हूं। इस कार्य में श्री रमेश पुरी, श्री फूल सिंह, उप निदेशकों, श्री के० नारायणन उन्नी, वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी, श्री संतोख सिंह बावा, श्री सुभाष गर्ग, सहायक निदेशकों और डा० लाटू राम यादव, अनुसंधान अधिकारी के प्रयास भी विशेष रूप से प्रशंसनीय हैं।

नई दिल्ली
जुन, 1987

(वी० एस० वर्मा)
भारत के महारजिस्ट्रार

PREFACE

The data collected in the 1981 Census on the basis of individual slip in respect of Arunachal Pradesh has already been published. In the present report an attempt has been made to analyse some of these data. This report presents the demographic profile of Arunachal Pradesh as revealed by 1971 Census. Wherever possible a comparison with 1971 Census has also been attempted.

One important feature of the 1981 Census was the inclusion of the question on children ever born and children surviving which enables one to estimate the fertility and child mortality measures through indirect estimation techniques.

This report has been prepared by the Demography Division under the direction of Shri K.S. Natarajan, Assistant Registrar General. I am thankful to the staff and officers of the Demography Division for their hard work. In particular, I am happy to place on record my appreciation of the efforts out in by Shri R.K. Puri, Shri Phool Singh, Deputy Directors, Shri K. Narayanan Unni, Senior Research Officer, Shri S.S. Bawa, Shri Subhash Garg, Assistant Directors and Dr. L.R. Yadav, Research Officer.

New Delhi
June, 1987

(V.S. VERMA)
Registrar General, India

PART I

अध्याय 1

CHAPTER—1

जनसंख्या वृद्धि और संरचना

अरुणाचल प्रदेश में पहली जनगणना 1961 में कराई गई थी। उस समय इसकी जनसंख्या 3,36,558 थी। 1981 की जनगणना के अनुसार अरुणाचल प्रदेश की जनसंख्या 6.32 लाख थी जिसमें 3.39 लाख पुरुष और 2.93 लाख स्त्रियां थीं। विवरण 1.1 में राज्य और भारत की वर्ष 1961, 1971 और 1981 की जनसंख्या और 1961-71 तथा 1971-81 के दशकों की सुसंगत वृद्धि दरें प्रस्तुत की गई हैं।

Population growth and Composition

In Arunachal Pradesh, first census was conducted only in the year 1961. Its population was then 336,558. The population of Arunachal Pradesh according to 1981 census was 6.32 lakhs consisting of 3.39 lakhs males and 2.93 lakhs females. Statement 1.1 presents the population of the state and that of India in the years 1961, 1971 and 1981 and the relevant growth rates during 1961-1971 and 1971-81 decades.

विवरण 1.1 भारत और अरुणाचल प्रदेश की जनसंख्या, 1961-81

Statement 1.1 : Population of India and Arunachal Pradesh, 1961-81

जनगणना वर्ष Census Year	भारत India		अरुणाचल प्रदेश Arunachal Pradesh	
	जनसंख्या Population	वृद्धि दर Growth rate	जनसंख्या Population	वृद्धि दर Growth rate
1	2	3	4	5
1961	439,234,771		336,558	
1971	547,949,809*	+24.80	467,511	+38.91
1981	685,184,692**	+25.00	631,839	+35.15

*1 मार्च, 1971 की प्रक्षेपित जनसंख्या

**इसमें असम की प्रक्षेपित जनसंख्या सम्मिलित है

*Projected Population as on 1st March 1971

**Includes the projected population of Assam

पिछले दो दशकों में अरुणाचल प्रदेश की जनसंख्या में भारत की जनसंख्या की तुलना में अधिक तेजी से वृद्धि हुई है। 1961-1971 के दशक की तुलना में 1971-1981 के दौरान वृद्धि दर में लगभग 3.8% की कमी आई है।

In the last two decades the population of Arunachal Pradesh has grown faster than that of India's population. During 1971-81 the growth rate has declined by about 3.8% in comparison to the 1961-71 decade.

1961, 1971 और 1981 की जनगणनाओं के आधार पर अरुणाचल प्रदेश की स्त्री/पुरुष-वार जनसंख्या और प्रति 1000 पुरुषों की तुलना में स्त्रियों की संख्या के रूप में परिभाषित स्त्री/पुरुष अनुपात विवरण 1.2 में प्रस्तुत किए गए हैं। तुलना

The sex wise population and the sex ratio, defined as the number of females per thousand males, in Arunachal Pradesh as of 1961, 1971 and 1981 censuses is presented in Statement 1.2.

करने के लिए अखिल भारतीय स्त्री/पुरुष अनुपात भी प्रस्तुत किया गया है ।

All India sex ratio has also been presented for comparison.

विवरण 1.2 : अरुणाचल प्रदेश में स्त्री/पुरुष अनुपात, 1961-1981

Statement 1.2 : Sex Ratio in Arunachal Pradesh, 1961-1981

जनगणना वर्ष Census Year	अरुणाचल प्रदेश Arunachal Pradesh			भारत India
	पुरुष Males	स्त्रियां Females	स्त्री/पुरुष अनुपात Sex Ratio	स्त्री/पुरुष अनुपात Sex Ratio
1	2	3	4	5
1961	177,680	158,878	894	941
1971	251,231	216,280	861	930
1981	339,322	292,517	862	933*

*स्त्री/पुरुष अनुपात निकालते समय असम की प्रक्षेपित जनसंख्या हिसाब में ली गई है ।
While working out the sex ratio, projected population of Assam has been taken into account.

अरुणाचल प्रदेश में स्त्री/पुरुष अनुपात तीनों जनगणनाओं में भारत के स्त्री/पुरुष अनुपात से स्पष्टतया कम है । स्त्री/पुरुष अनुपात में इस कमी का कारण पुरुष द्वारा अधिक संख्या में स्थान परिवर्तन किया जाना हो सकता है । पिछली तीनों जनगणनाओं में अरुणाचल प्रदेश के स्त्री/पुरुष अनुपात की प्रवृत्ति वही रही है जो भारत के स्त्री/पुरुष अनुपात की रही है । 1961 की तुलना में इसमें 1971 में कमी आई और 1971 की तुलना में इसमें 1981 में वृद्धि हुई । पिछले दशक में स्त्री/पुरुष अनुपात में हुई वृद्धि बहुत मामूली है ।

The sex ratio in Arunachal Pradesh is distinctly lower than that of India in all the three censuses. This distinctly lower sex ratio may be attributed to male selective migration. In last three censuses the sex ratio of Arunachal Pradesh shows the same trend as that of India's sex ratio. It declined in 1971 in comparison to 1961 and has increased in 1981 in comparison to 1971. The increase in sex ratio during the last decade is only marginal.

1971 में अरुणाचल प्रदेश में पांच जिले थे । 1981 में जिलों की संख्या बढ़कर नौ हो गई । जिलों के पुनर्गठन से अप्रभावित एकमात्र जिला तिराप है । विवरण 1.3 में प्रत्येक जिले की जनसंख्या, स्त्री/पुरुष अनुपात और जनसंख्या का घनत्व प्रस्तुत किया गया है ।

In 1971 there were five districts in Arunachal Pradesh. In 1981, the number of districts increased to nine. The only district uneffected by reorganisation of districts is Tirap. The population, sex ratio and density of population of each of the districts are given in Statement 1.3.

विवरण 1.3 : जिलेवार जनसंख्या, स्त्री/पुरुष अनुपात और घनत्व

Statement 1.3 : Districtwise population, sex ratio and density

राज्य/जिले State/ District	जनसंख्या सैकड़ों में 1981 Population in 00's 1981			स्त्री/पुरुष अनुपात@ Sex Ratio		घनत्व* Density		दशकीय वृद्धि दर Decadal Growth Rate	
	पुरुष M	स्त्रियां F	व्यक्ति P	1971	1981	1971	1981	1961-71	1971-81
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
अरुणाचल प्रदेश Arunachal Pradesh	339,3	292,5	631,8	861	862	6	8	38.91	35.15
पश्चिमी कामेंग West Kameng	34,1	29,2	63,3	727	856	5	7	22.04	25.95
पूर्वी कामेंग East Kameng	22,0	20,7	42,7	930	941	9	10	24.44	19.57
लोवर सुबनसिरी Lower Subansiri	59,8	52,9	112,7	940	885	6	9	30.32	39.22
अपर सुबनसिरी Upper Subansiri	20,0	19,4	39,4	953	970	5	6	30.77	23.10
पश्चिमी सियांग West Siang	38,8	35,4	74,2	850	912	5	6	23.43	25.19
पूर्वी सियांग East Siang	38,1	32,4	70,5	869	850	8	11	34.49	43.76
दिबांग वैली Dibang Valley	18,6	12,3	30,9	806	661	1	2	48.59	103.37
लोहित Lohit	39,0	30,5	69,5	762	782	4	6	74.38	45.90
तिराप Tirap	68,9	59,7	128,6	883	866	14	18	63.56	31.99

@प्रति 1000 पुरुषो की तुलना में स्त्रियों की संख्या
*प्रति वर्ग किलो मीटर में व्यक्तियों की संख्या

@Number of females per 1000 males
*Number of persons per sq. km.

विवरण से यह स्पष्ट है कि तिराप में सबसे अधिक जनसंख्या और घनत्व है। दिबांग वैली जिला अरुणाचल प्रदेश का सबसे कम जनसंख्या वाला जिला है।

दिबांग वैली, पूर्वी सियांग, तिराप और लोअर सुबनसिरी जिलों में 1971 की तुलना में 1981 में स्त्री/पुरुष अनुपात में कमी आई है। अन्य सभी जिलों में स्त्री/पुरुष अनुपात में वृद्धि हुई है। अरुणाचल प्रदेश में 1971 और 1981 में समग्र स्त्री-पुरुष अनुपात लगभग समान ही रहा है। जिलों में स्त्री/पुरुष अनुपात में परिवर्तनों का कारण पुरुष जनसंख्या द्वारा एक जिले से दूसरे जिले में स्थान-परिवर्तन हो सकता है। जैसाकि पहले उल्लेख किया गया है कि 1971-1981 के दशक में अरुणाचल प्रदेश की दशकीय वृद्धि दर 1961-1971 के दशक की दर से कम रही थी। 1971-1981 के दशक में दशकीय वृद्धि दर दिबांग वैली जिले में सबसे अधिक है और पूर्वी कामेंग जिले में सबसे कम रही।

1971 में कुल जनसंख्या में से केवल 3.70 प्रतिशत जनसंख्या नगरीय क्षेत्रों में रहती थी, जबकि 1981 में यह बढ़कर 6.56 प्रतिशत हो गई। इसको और अधिक स्पष्ट करने के लिए यह कहा जा सकता है कि 1971 में 17.3 हजार लोग नगरीय क्षेत्रों में रहते थे जबकि 1981 में उनकी संख्या बढ़कर 41.4 हजार हो गई।

From the statement it is clear that Tirap district has the highest population and density. Dibang Valley district is the least populated district of Arunachal Pradesh.

In Dibang Valley, East Siang, Tirap and Lower Subansiri districts sex ratio has declined in 1981 compared to 1971. In all other districts the sex ratio has increased. Over all sex ratio of Arunachal Pradesh in 1971 and 1981 has been almost same. The changes in sex ratio in case of districts may be attributed to intra district migration of male population. As noted earlier the decadal growth rate of Arunachal Pradesh in 1971-81 decade was lower than that of the 1961-1971 decade. In 1971-81, the decadal growth rate was highest in Dibang Valley district and lowest in East Kameng district.

In 1971 only about 3.70 per cent of the total population were living in urban areas while in 1981 this percentage increased to 6.56. In absolute term in 1971 about 17.3 thousand people were living in urban areas while in 1981, the number of urban residents was 41.4 thousand.

विवरण 1.4 : कस्बों की संख्या और उनकी जनसंख्या—अरुणाचल प्रदेश 1981

Statement 1.4 : Number of towns and their population—Arunachal Pradesh 1981

जिले का नाम Name of district	कस्बों की संख्या No. of towns	नगरीय जनसंख्या Urban population
पश्चिमी कामेंग West Kameng	1	3,860
लोअर सुबनसिरी Lower Subansiri	2	14,116
पश्चिमी सियांग West Siang	1	8,074
लोहित Lohit	1	6,239
पूर्वी सियांग East Siang	1	9,139
योग Total	6	41,428

लगभग एक तिहाई नगरीय जनसंख्या ईटा नगर (पुराना और नया) में रहती हैं जो कि अरुणाचल प्रदेश की राजधानी है और लोअर सुबनसिरी जिले में अवस्थित हैं। 1981 में पूर्वी कामेंग, अपर सुबनसिरी, दिबांग वैली और तिराप जिलों में कोई नगरीय क्षेत्र नहीं था।

About one third of urban population resides in Itanagar (old and new) which is the capital city of Arunachal Pradesh and is located in district of Lower Subansiri. There were no urban areas in the districts of East Kameng, Upper Subansiri, Dibang Valley and Tirap in 1981.

जनसंख्या की धार्मिक संरचना

राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दू, इस्लाम, ईसाई, सिक्ख, बौद्ध और जैन: छः मुख्य धर्म हैं। लेकिन अरुणाचल प्रदेश में अधिकांश जनसंख्या इनमें से किसी भी धर्म का अनुसरण नहीं करती। राज्य के नौ जिलों में से पांच जिलों की अधिकांश जनसंख्या डोनी पोलोडोनी फोलोस के अनुयायी हैं। दिबांग वैली, लोहित और तिराप जिलों में हिन्दुओं की संख्या अधिक है। पश्चिम कामेंग में बौद्ध अधिक हैं। विवरण 1.5 में अरुणाचल प्रदेश के जिलों में धर्म के अनुसार जनसंख्या के वितरण का प्रतिशत दर्शित किया गया है।

Religious composition of the population

Hinduism, Islam, Christianity, Sikhism, Buddhism and Jainism are the six major religions at national level. But in Arunachal Pradesh majority of the population does not follow any of these six religions. Out of the nine districts of the state in five districts majority are the followers of Doni Polo/Doni Pholos. In Dibang Valley, Lohit and Tirap, Hindus are in majority. In West Kameng majority belongs to Buddhism. Statement 1.5 shows the percentage distribution of population according to religion in districts of Arunachal Pradesh.

राज्य में अनुसूचित जनजाति जनसंख्या

कुल जनसंख्या में से लगभग 61% जनसंख्या अनुसूचित जनजातियों की है। 73% ग्रामीण जनसंख्या और 24 प्रतिशत नगरीय जनसंख्या अनुसूचित जातियों की है। नौ जिलों में से सात जिलों में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का अनुपात 60 प्रतिशत से भी अधिक है। केवल दिबांग वैली और लोहित में ही अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या 50 प्रतिशत से कम है। उस जिले में 50 प्रतिशत से अधिक हिन्दू हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में दिबांग वैली और लोहित को छोड़कर अन्य जिलों में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या 60 प्रतिशत से भी अधिक है। नगरीय क्षेत्रों में उनकी जनसंख्या 11 से लेकर 35 प्रतिशत तक है। निम्नलिखित विवरण में प्रत्येक जिले के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में अनुसूचित जातियों की जनसंख्या का विवरण दर्शित किया गया है।

Scheduled Tribes population in the state

Of the total population about 61% are scheduled tribes population. 73% of the rural population and 24% of the urban population are scheduled tribes. Out of the nine districts in seven districts the proportion of scheduled tribe population is more than 60%. Only in Dibang Valley and Lohit, scheduled tribes constitute less than 50%. In this district Hindus form over 50%. In rural areas, except Dibang Valley and Lohit, schedule tribes constitute more than 50% in other districts. In urban areas their proportion varies from 11 to 35 per cent. The following statements shows the distribution of scheduled tribe population in rural and urban areas of each district.

विवरण 1.5 : अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों में धर्म के अनुसार जनसंख्या का वितरण

Statement 1.5 : Distribution of population by religion in various districts of Arunachal Pradesh

राज्य/जिला State/District	योग Total	हिन्दू Hindus	मुसलमान Muslims	ईसाई Christians	सिक्ख Sikhs	बौद्ध Buddhist	जैन Jains	अन्य Others	धर्म नहीं बताया Not Stated
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
अरुणाचल प्रदेश	631,839	184,732	5,073	27,306	1,231	86,483	42	326,000	972
Arunachal Pradesh	(100.00)	(29.24)	(0.80)	(4.32)	(0.19)	(13.69)	(0.01)	(51.60)	(0.15)
1. पश्चिमी कामेंग	63,302	15,994	391	533	474	40,961	2	4,914	33
West Kameng	(100.00)	(25.27)	(0.62)	(0.84)	(0.75)	(64.71)	(0.00)	(7.76)	(0.05)
2. पूर्वी कामेंग	42,736	4,854	121	436	101	455	—	36,769	—
East Kameng	(100.00)	(11.36)	(0.28)	(1.02)	(0.24)	(1.06)	(—)	(86.04)	(—)
3. लोअर सुबनसिरी	112,650	24,290	1,333	7,997	208	2,168	16	76,448	190
Lower Subansiri	(100.00)	(21.56)	(1.18)	(7.10)	(0.19)	(1.93)	(0.01)	(67.86)	(0.17)
4. अपर सुबनसिरी	39,410	2,814	128	542	35	675	—	34,758	458
Upper Subansiri	(100.00)	(7.14)	(0.32)	(1.38)	(0.09)	(1.71)	(—)	(88.20)	(1.16)
5. पश्चिमी सियांग	74,164	10,558	540	2,820	47	3,868	15	56,247	69
West Siang	(100.00)	(14.24)	(0.73)	(3.80)	(0.06)	(5.22)	(0.02)	(75.84)	(0.09)
6. पूर्वी सियांग	70,451	18,604	897	2,710	66	607	4	47,554	9
East Siang	(100.00)	(26.41)	(1.27)	(3.85)	(0.09)	(0.86)	(0.01)	(67.50)	(0.01)
7. दिबांग वैली	3,098	17,411	445	2,355	30	1,128	5	9,557	47
Dibang Valley	(100.00)	(56.20)	(1.44)	(7.60)	(0.10)	(3.64)	(0.02)	(30.85)	(0.15)
8. लोहित	69,498	40,186	731	2,951	193	11,501	—	13,913	23
Lohit	(100.00)	(57.82)	(1.05)	(4.25)	(0.28)	(16.55)	(—)	(20.02)	(0.03)
9. तिराप	128,650	50,021	487	6,962	77	25,120	—	45,840	143
Tirap	(100.00)	(38.88)	(0.38)	(5.41)	(0.06)	(19.53)	(—)	(35.63)	(0.11)

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े कुल जनसंख्या में प्रतिशत दर्शित करते हैं।

Note : Figures in brackets indicate percentage to total population.

विवरण 1.6 : ग्रामीण-नगरीय निवास के अनुसार अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या का वितरण, 1981—अरुणाचल प्रदेश

Statement 1.6 : Distribution of scheduled tribe population by rural-urban residence 1981—Aurnachal Pradesh

राज्य/जिला State/Distt.	योग* Total	ग्रामीण** Rural	नगरीय** Urban
1	2	3	4
अरुणाचल प्रदेश Arunachal Pradesh	31,839 (69.82)	590,411 (73.02)	41,428 (24.28)
1. पश्चिमी कामेंग West Kameng	63,302 (66.29)	59,442 (68.63)	3,860 (30.21)
2. पूर्वी कामेंग East Kameng	42,736 (87.25)	42,736 (87.25)	— (—)
3. लोअर सुबनसिरी Lower Subansiri	112,650 (77.77)	98,534 (85.75)	14,116 (22.02)
4. अपर सुबनसिरी Upper Subansiri	39,410 (91.68)	39,410 (91.68)	— (—)
5. पश्चिमी सियांग West Siang	74,164 (84.03)	66,090 (90.10)	8,074 (34.39)
6. पूर्वी सियांग East Siang	70,451 (71.37)	61,312 (79.04)	9,139 (24.78)
7. दिबांग वैली Dibang Valley	30,978 (48.56)	30,978 (48.56)	— (—)
8. लोहित Lohit	69,498 (43.35)	63,259 (46.46)	6,239 (11.88)
9. तिराप Tirap	128,650 (62.15)	128,650 (62.15)	— (—)

*कोष्टक में दिए गए आंकड़े कुल जनसंख्या में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या दर्शित करते हैं।
Figures in bracket show the percentage of scheduled tribe population to total population.

**कोष्टक में दिए गए आंकड़े कुल जनसंख्या में ग्रामीण नगरीय क्षेत्रों में रहने वाली अनुसूचित जाति की जनसंख्या दर्शित करते हैं।
Figures in bracket indicate the percentage of scheduled tribe population living in rural/urban areas.

अध्याय II
CHAPTER—II

आयु और वैवाहिक स्थिति के अनुसार जनसंख्या

जनगणना में आयु की गणना पूरे हुए वर्षों में की जाती है चल रहे वर्षों में नहीं। जिन शिशुओं की आयु गणना की तारीख को एक वर्ष पूरी नहीं हुई उनकी आयु "शून्य" दर्ज की गई।

विवरण 2.1 में 1971 और 1981 में अरुणाचल प्रदेश की जनसंख्या का आयु वितरण दिया गया है।

Population by age and marital status

In census age is reckoned as the years completed and not the year running. In respect of infants who have not completed one year by the date of enumeration, their age in completed years has been recorded '0'.

Statement 2.1 shows the age distribution of the population of Arunachal Pradesh in 1971 and 1981.

विवरण 2.1 : स्त्री/पुरुष के अनुसार अरुणाचल प्रदेश की जनसंख्या का आयु वितरण (प्रतिशत), 1971 और 1981

Statement 2.1 : Age distribution (percent) of the population of Arunachal Pradesh by sex, 1971 and 1981

आयु समूह Age groups	1971 व्यक्ति Persons	1971 पुरुष Males	1971 स्त्रियां Females	1981 व्यक्ति Persons	1981 पुरुष Males	1981 स्त्रियां Females
1	2	3	4	5	6	7
सभी आयु All ages	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00
0—4	14.85	13.60	16.30	14.26	13.23	15.46
5—9	13.76	13.20	14.39	14.09	13.41	14.89
10—14	9.67	9.37	10.03	11.05	10.83	11.31
15—19	6.99	6.34	7.74	8.40	8.16	8.68
20—24	8.64	9.22	7.97	8.45	8.48	8.41
25—29	10.08	10.86	9.16	8.91	9.24	8.54
30—34	8.16	8.49	7.79	7.16	7.41	6.87
35—39	7.10	7.36	6.79	6.77	7.23	6.23
40—44	5.81	6.14	5.43	5.67	5.91	5.38
45—49	4.60	5.04	4.09	4.61	5.00	4.15
50—54	3.63	3.87	3.36	3.72	4.04	3.35
55—59	2.06	2.11	2.01	2.11	2.23	1.97
60—69	2.10	2.03	2.19	2.16	2.22	2.09
65—69	0.95	0.85	1.06	0.97	0.96	0.99
70+	1.60	1.52	1.69	1.63	1.62	1.65

विवरण से यह पता चलता है कि 1971 की तुलना में 1981 में 0-9 वर्ष के आयु समूह में जनसंख्या के प्रतिशत में मामूली कमी हुई है जबकि 0-14 वर्ष के आयु समूह में यह प्रतिशत 1971 में 38.28 प्रतिशत से बढ़कर 1981 में 39.40 प्रतिशत हो गया है। 15-59 वर्ष के कामकाजी आयु समूह में जनसंख्या का अनुपात 1971 के 57.07 प्रतिशत से घटकर 1981 में 55.80 प्रतिशत रह गया है। 15-44 वर्ष के प्रजननता आयु समूह में स्त्रियों की जनसंख्या भी 1971 के 44.88 प्रतिशत से घट कर 1981 में 44.11 प्रतिशत रह गई है।

0-4 और 15-49 वर्ष के आयु समूह में बाल महिला अनुपात में 1971 की तुलना में 1981 में गिरावट आई है। इसमें 5-9 और 20-54 वर्ष के आयु समूहों में 1981 में वृद्धि हुई है।

जनसंख्या की औसत आयु

जनसंख्या के आयु विवरण से यह अनुमान लगाया गया है कि 1981 में जनसंख्या की औसत आयु पुरुषों में 25.18 वर्ष और स्त्रियों में 23.57 वर्ष है। 1971 में पुरुषों की औसत आयु 25.38 और स्त्रियों की 23.96 वर्ष थी। अरुणाचल प्रदेश में औसत आयु समग्र भारत की औसत आयु से कम है।

वैवाहिक स्थिति के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को कुवांरा/कुवांरी, इस समय विवाहित, विधुर/विधवा और सम्बन्ध विच्छेद या तलाकशुदा के रूप में चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया। यदि किसी व्यक्ति की कभी भी शादी न हुई हो तो उसे कुवांरा/कुवांरी दर्ज किया गया। किसी व्यक्ति को इस समय विवाहित माना गया यदि जीवित पति/पत्नी के साथ उसका विवाह गणना के समय वैध था। ऐसे व्यक्तियों को भी इस समय विवाहित के रूप में वर्गीकृत किया जाता हैं जो प्रथा या समाज द्वारा शादीशुदा माने जाते हैं या जो स्थायी तौर पर वस्तुतः दम्पत्ति की तरह रह रहे हों। वह व्यक्ति जिसकी/जिसका पत्नी/पति मर गई/गया हो उसे विधवा/विधुर के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। वह व्यक्ति जिसका अपनी/अपने पत्नी/पति से सम्बन्ध विच्छेद हो गया है और जिसका अपनी पत्नी या अपने पति के साथ रहने का कोई जाहिर इरादा नहीं है या जिसे किसी न्यायालय द्वारा या किसी प्रचलित सामाजिक या धार्मिक प्रथा के द्वारा तलाक मिल चुका हैं और उसकी दोबारा शादी नहीं हुई है तो उसे सम्बन्ध विच्छेद या तलाकशुदा के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

भारत के अधिकांश भागों में विशेषकर महिलाओं के लिए कम आयु में विवाह का परम्परागत तौर पर

It is seen from the statement that percentage of population of age group 0-9 has fallen slightly in 1981 in comparison to 1971 while in age group 0-14 the percentage has increased from 38.28% in 1971 to 39.40% in 1981. The proportion of population in the working age group 15-59 has shown a decrease from 57.07% in 1971 to 55.80% in 1981. The percentage of female population in reproductive age group 15-44 has also fallen from 44.88% in 1971 to 44.11% in 1981.

Child women ratio relating to age group 0-4 and 15-49 declined in 1981 in comparison to 1971. The same for age groups 5-9 and 20-54 has increased in 1981.

Average age of the population

From the age distribution of the population it has been estimated that the average age of the population is 25.18 years for males and 23.57 years for females in 1981. The corresponding figures for 1971 are 25.38 for males and 23.96 for females. The average age is lower than that of India as a whole.

On the basis of his/her marital status every person was classified into four categories as never married, currently married, widowed and separated or divorced. A person was recorded as never married if he or she has never been married at any time before. A person was considered as currently married if his/her marriage subsists at the time of the enumeration with the spouse living. Persons who are recognised by custom or society as married and persons who are living in stable defacto union are also classified as currently married. A person whose spouse is dead is classified as widowed. A person who has been separated from his spouse and is living with no apparent intention of living together or who has been divorced either by decree of a law court or by an accepted social or religious custom but has not remarried is classified as separated or divorced.

In most parts of India early and universal marriage, specially of women, has been traditionally favoured. However, in Arunachal Pradesh early marriage of females does not seem to be

विवरण 2.2 : आयु-समूह, स्त्री/पुरुष और ग्रामीण-नगरीय क्षेत्रों के अनुसार कुंवारे/कुंवारी,

Statement 2.2 Percentage distribution of never married, widowed and divorced or separated

आयु समूह Age group	स्त्री/पुरुष Sex	योग Total — वैवाहिक स्थिति Marital Status: कुंवारे/कुंवारी Never married	शादीशुदा Married	विधुर/विधवा Widowed	तलाकशुदा या संबंध विच्छेद Divorced or Separated
1	2	3	4	5	6
सभी आयु All age	M	57.43	40.40	1.88	0.26
	F	50.95	43.06	5.54	0.43
0—9	M	100.00	...	...	...
	F	100.00	...	...	...
10—14	M	98.87	1.08	0.01	0.02
	F	97.23	2.65	0.02	0.05
15—19	M	93.01	6.81	0.03	0.06
	F	69.99	29.53	0.12	0.32
20—24	M	70.32	29.18	0.15	0.30
	F	25.53	73.17	0.47	0.80
25—29	M	39.26	59.68	0.62	0.41
	F	8.38	89.44	1.22	0.94
30—34	M	17.95	80.35	1.07	0.62
	F	3.42	93.31	2.43	0.84
35—39	M	8.67	88.78	1.98	0.56
	F	1.79	93.23	4.25	0.72
40—44	M	5.78	90.79	2.94	0.48
	F	1.73	89.18	8.41	0.67
45—49	M	4.29	91.03	4.19	0.47
	F	1.28	84.34	13.48	0.90
50—54	M	3.74	89.61	6.16	0.49
	F	1.43	72.85	24.99	0.72
55—59	M	3.08	88.41	8.20	0.30
	F	1.54	68.28	29.38	0.78
60—64	M	3.02	84.68	11.80	0.44
	F	1.59	51.27	46.12	0.58
65—69	M	2.87	81.36	15.30	0.37
	F	1.56	47.06	50.62	0.73
70+	M	3.07	73.98	22.42	0.40
	F	1.24	34.90	64.09	0.54
15—44	F	21.26	75.66	2.36	0.71
15—49	F	19.54	76.41	3.31	0.73

टिप्पणी :— विवरण में "अविनिर्दिष्ट वैवाहिक स्थिति" की श्रेणी के आंकड़े सम्मिलित नहीं हैं अतः कालम 3 से 6, 7 से 10 और 11 से 14 का योग 100.00 नहीं होगा।

विधुर/विधवा और तलाकशुदा या सम्बन्ध विच्छेद जनसंख्या के प्रतिशत का वितरण—अरुणाचल प्रदेश
by age-group, sex and rural, urban areas—Arunachal Pradesh

ग्रामीण Rural				नगरीय Urban			
वैवाहिक स्थिति Marital Satus				वैवाहिक स्थिति Marital Status			
कुंवारे/कुंवारी Never married	शादीशुदा Married	विधुर/विधवा Widowed	तलाकशुदा या संबंध विच्छेद Divorced or Separated	कुंवारे/कुंवारी Never married	शादीशुदा Married	विधुर/विधवा Widowed	तलाकशुदा या संबंध विच्छेद Divorced or Separated
7	8	9	10	11	12	13	14
57.46	40.25	2.00	0.27	57.08	42.33	0.47	0.07
50.80	43.00	5.74	0.44	53.56	44.12	2.03	0.28
100.00	...	...	...	100.00	...	...	...
100.00	...	...	...	100.00	...	...	...
98.84	1.11	0.01	0.03	99.39	0.61	...	...
97.14	2.73	0.02	0.05	98.71	1.29	...	...
92.52	6.89	0.03	0.06	93.83	6.05	...	...
70.65	28.87	0.12	0.32	61.32	38.18	0.11	0.33
70.36	29.09	0.16	0.35	70.10	29.76	0.03	...
26.48	72.18	0.48	0.84	14,73	84.57	0.35	0.35
39.17	59.69	0.67	0.46	40.04	59.58	0.20	0.09
8.69	89.08	1.25	0.98	4.57	94.11	0.88	0.50
18.22	79.96	1.14	0.67	15.43	83.92	0.45	0.16
3.53	93.13	2.49	0.84	1.65	96.27	1.47	0.69
8.96	88.32	2.10	0.60	5.63	93.61	0.62	0.14
1.81	93.14	4.32	0.72	1.31	95.13	2.85	0.71
5.87	90.51	3.10	0.51	4.68	94.30	0.88	0.07
1.76	89.08	8.49	0.66	0.99	92.08	5.94	0.99
4.35	90.79	4.34	0.49	3.32	94.72	1.76	0.20
1.26	84.30	13.53	0.90	2.00	85.67	11.33	1.00
3.65	88.55	6.33	0.47	5.79	90.68	2.57	0.96
1.44	72.87	24.95	0.73	1.00	72.00	26.50	0.50
3.02	88.34	8.33	0.32	4.92	90.53	4.55	...
1.55	68.25	29.39	0.78	1.08	69.89	29.03	...
2.95	84.55	11.97	0.45	6.33	89.87	3.80	...
1.59	51.09	46.27	1.00	1.04	63.54	35.42	...
2.79	81.34	15.37	0.38	7.55	83.02	9.43	...
1.52	47.21	50.53	0.74	3.64	40.00	56.36	...
3.00	73.96	22.52	0.41	6.67	75.24	17.14	...
1.20	34.04	64.18	0.55	3.66	37.80	58.54	...
21.43	75.40	2.44	0.73	18.70	79.62	1.18	0.51
19.63	76.19	3.42	0.74	18.10	79.84	1.55	0.52

Note :— The statement does not include the figures under the categary of 'unspecified marital status' and hence the columns 3 to 6, 7 to 10 and 11 to 14 may not add up to 100.00

समर्थन किया गया है । तथापि, अरुणाचल प्रदेश में स्त्रियों के कम आयु में विवाह का प्रचलन प्रतीत नहीं होता । अत: 10-14 वर्ष के आयु समूह में विवाहित स्त्रियों का अनुपात बहुत ही कम है । 15-19 वर्ष के आयु समूह में लगभग 30 प्रतिशत स्त्रियों और लगभग 7 प्रतिशत पुरुषों को विवाहित दर्ज किया गया । 20-24 वर्ष में आयु समूह में 73 प्रतिशत स्त्रियों और 29 प्रतिशत पुरुषों को विवाहित दर्ज किया गया । अरुणाचल प्रदेश में 1981 की जनगणना में कुल मिलाकर लगभग 43 प्रतिशत स्त्रियों और 40 प्रतिशत पुरुषों को इस समय विवाहित के रूप में दर्ज किया गया । विवरण 2.2 में आयु समूह के अनुसार ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में कुंवारे/कुंवारी, विवाहित, विधुर/विधवा और तलाकशुदा या सम्बन्ध-विच्छेद जनसंख्या के प्रतिशत का वितरण प्रस्तुत किया गया है ।

नगरीय क्षेत्रों में 15-19 वर्ष के आयु समूह में विवाहित स्त्रियों का प्रतिशत 38.18 है जो कि ग्रामीण क्षेत्रों में विवाहित स्त्रियों के प्रतिशत 28.87 से अधिक है । 15-19 वर्ष के आयु समूह की भाँति 20-24, 25-29 .....45-49 वर्ष के अन्य आयु समूहों में भी विवाहित स्त्रियों का प्रतिशत नगरीय क्षेत्रों में अधिक है जिसके परिणाम-स्वरूप प्रजननता आयु समूहों अर्थात् 15-44 या 15-49 वर्ष के आयु समूहों में विवाहित स्त्रियों का प्रतिशत नगरीय क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में कम है । अरुणाचल प्रदेश के सभी क्षेत्रों में 15-44 वर्ष के आयु समूह में केवल 75.66 प्रतिशत स्त्रियां विवाहित हैं जबकि राष्ट्रीय औसत 80.43 प्रतिशत है ।

विवरण 2.3, जिसमें वैवाहिकता के कतिपय मुख्य सूचक प्रस्तुत किए गए हैं, से यह पता चलता है कि अरुणाचल प्रदेश में प्रति 1000 जनसंख्या में दम्पतियों अर्थात् प्रति 1000 जनसंख्या में 15-44 वर्ष के आयु समूह का विवाहित स्त्रियों की संख्या 155 है जबकि भारत के लिए यह संख्या 168 है ।

प्रजननता आयु समूह में प्रति 1000 जनसंख्या मे दम्पत्तियों का अनुपात सबसे अधिक पूर्वी कामेंग जिले में है । दिबांग वेली, लोहित और तिराप में यह अनुपात कम है । यही स्थिति कुल स्त्रियों में विवाहित स्त्रियों के प्रतिशत के सम्बन्ध में पाई गई है । यह उल्लेखनीय है कि पूर्वी कामेंग जिले में हिन्दू, मुसलमान, सिक्ख, जैन, ईसाई और बौद्ध धर्मों से भिन्न धर्मों के अनुयायी 86 प्रतिशत हैं जबकि दिबांग वैली, लोहित और तिराप में हिन्दुओं की संख्या अधिक है ।

विवाह के समय आयु

1981 की जनगणना में कभी भी विवाहित सभी महिलाओं से विवाह के समय आयु के बारे में एक प्रश्न पूछा गया था ।

prevalent. Thus in the age group 10-14 there is very little proportion of females who are married. In the age group 15-19 only about 30% of the females and about 7% of the males were recorded as married. In the age group 20-24 only 73% of the females and 29% of the males were recorded as married. In all about 43% of females and 40% of males were recorded as currently married in 1981 census in Arunachal Pradesh. Statement 2.2 shows the percentage distribution of never married, married, widowed and divorced or separated in the rural and urban areas and by age group.

In age group 15-19 the percentage of married females in urban areas is 38.18 which is greater than the percentage of married females in rural areas (28.87). Like age group 15-19 in other age groups also i.e. in 20-24, 25-29 . ... 45-49 the percentage of married females is higher in urban areas with the result that the percentage of married females in reproductive age groups i.e. 15-44 or 15-49 in rural areas is lower than that of urban areas. For all areas of Arunachal Pradesh the percentage of married females in age group 15-44 is only 75.66 as against national average of 80.43 percent.

It is seen from the statement 2.3 in which certain key indicators of nuptiality have been presented that in Arunachal Pradesh the couples per thousand population i.e. married females of age group 15-44 per thousand population is only 155 as against 168 for India.

The proportion of couples per 1000 population in the reproductive age group is highest in East Kameng. The proportion is lower in Dibang valley, Lohit and Tirap. Similar pattern can be observed in case of percentage of married females to total females. It may be pointed out that in East Kameng the followers of religions other than Hindu, Muslim, Sikh, Jain, Christian and Buddh religions constitute 86% of the population whileD ibang Valley, & Lohit Tirap-Hindus constitute the majority.

Age at marriage

In 1981 census a question was canvassed on the age at marriage for all ever married women.

1971 की जनगणना में यह प्रश्न केवल इस समय विवाहित महिलाओं से ही पूछा गया था। इन आंकड़ों को 1981 में राज्य के लिए धर्म, शैक्षिक स्तर और काम करने वालों की श्रेणी के अनुसार अलग-अलग सारणीकृत किया गया है जबकि 1971 में सारणियां केवल धर्म और शैक्षिक स्तर के अनुसार तैयार की गई थीं। 1981 में आंकड़ों को जिला स्तर पर भी सारणीकृत किया गया है।

In 1971 census this question was canvassed only for currently married females. This data has been tabulated at state level by religion, educational level and by category of workers separately in 1981 where as in 1971 the tabulations were made by religion and educational level only. The data has been tabulated at district level also in 1981.

विवरण 2.3 : चयित आयु समूहों में कुल स्त्रियों में इस समय विवाहित स्त्रियों का प्रतिशत और 100 की जनसंख्या में दम्पत्तियों की संख्या—1981

Statement 2.3 : Percentage of currently married females to total females in selected age group and the number of couples for 1000 population—1981

राज्य/जिला State/District	15-44 वर्ष के आयु समूह में स्त्रियों की संख्या No. of females in the age group 15-44		प्रजननता आयु समूह की कुल स्त्रियों में विवाहित स्त्रियों की संख्या Percentage of married females to total females in the reproductive			प्रति 1000 की जनसंख्या में दम्पत्ति** Couples per 1000 population
	योग Total	विवाहित Married	15-44	15-19	20-24	
1	2	3	4	5	6	7
अरुणाचल प्रदेश Arunachal Pradesh	129,040	97,634	75.66	29.53	73.17	155
1. पश्चिमी कामेंग West Kameng	12,964	9,370	72.28	25.50	70.59	148
2. पूर्वी कामेंग East Kameng	9,851	8,192	83.16	39.84	79.65	192
3. लोअर सुबनसिरी Lower Subansiri	24,694	20,128	81.51	43.88	81.00	179
4. अपर सुबनसिरी Upper Subansiri	8,966	6,664	74.33	26.50	70.21	169
5. पश्चिमी सियांग West Siang	14,734	11,150	75.68	25.92	76.36	150
6. पूर्वी सियांग East Siang	13,782	10,108	73.34	24.46	68.97	143
7. दिबांग वैली Dibang Valley	5,552	4,254	76.62	37.82	78.37	137
8. लोहित Lohit	13,308	9,897	74.37	26.72	71.25	142
9. तिराप Tirap	25,195	17,873	70.94	21.27	66.41	139

टिप्पणी :—**सभी आयु के प्रति 1000 व्यक्तियों में 15-44 वर्ष के आयु समूह की "इस समय विवाहित स्त्रियों" की संख्या से सम्बन्धित है।

Note :—**Refer to number of "Currently married females" in age group 15-44 per 1000 persons of all ages

इस समय विवाहित महिलाओं की विवाह के समय माध्य आयु और विवाह के समय माध्यिका आयु का अनुमान लगाया गया है। विवाह के समय माध्य आयु से इस समय विवाहित महिलाओं की विवाह के समय औसत आयु का पता चलता है और विवाह के समय माध्यिका आयु से उस आयु का पता चलता है जिस आयु तक उनमें से आधी महिलाओं का विवाह हुआ। यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि ये अनुमान किसी विशिष्ट कैलेण्डर वर्ष से सम्बन्धित नहीं हैं क्योंकि इन

Two indices, namely mean age at marriage and median age at marriage have been calculated for currently married women. The former gives the average at marriage of the currently married women while the latter gives the age by which half of the women got married. It may be pertinent to note here that these estimates do not refer to any specific calendar year as the estimates include all the currently married females

विवरण 2.4 : धर्मों के अनुसार ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में विवाह के समय

Statement 2.4 : Mean and median age at marriage in Rural & Urban areas

धर्म/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति Religion/Schaduled Castes/Schaduled Tribes	इस समय विवाहित महिलाओं का प्रतिशत % of currently married women 1981	ग्रामीण Rural			
		माध्य Mean		माध्यिका Median	
		1971	1981	1971	1981
1	2	3	4	5	6
सभी धर्म All religions	100.00	18.60	18.71	18.65	18.65
1. हिन्दू Hindus	22.21	19.25	18.70	19.11	18.53
2. मुसलमान* Muslims	0.40	17.20*	17.64	17.13*	17.45
3. ईसाई Christians	4.18	17.52	18.75	18.06	18.74
4. सिक्ख Sikhs	0.17	18.26*	20.04	18.95*	19.85
5. बौद्ध Buddhists	13.57	19.67	19.50	19.49	19.30
6. जैन* Jains	N	—		—	
7. अन्य Others	53.31	अनु० n.a.	18.50	अनु० n.a.	18.40
अनुसूचित जातियां Scheduled Castes		16.05*	17.37	15.76*	17.29
अनुसूचित जनजातियां Scheduled Tribes		18.77	18.82	18.83	18.84

*ये परिणाम 200 से भी कम महिलाओं के अनुमानों पर आधारित हैं।

अनु०—अनुलब्धता

अनुमानों में जनगणना के समय तक की सभी विवाहित महिलाएं सम्मिलित हैं और इनमें उस वर्ष का कोई उल्लेख नहीं है जिसमें उनका विवाह हुआ है।

विवरण 2.4 से 2.7 में 1971 और 1981 के लिए विवाह के समय माध्य और माध्यिका आयु दी गई है। विवरण 2.4 में धर्म के अनुसार ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के लिए अलग-अलग आंकड़े दिए गए हैं।

at the time of census without referring to the year in which they got married.

In statement 2.4 to 2.7 mean and median age at marriage are presented for 1971 and 1981. Statement 2.4 presents these indices by religion, separately for rural and urban areas.

मध्य और माध्यिका आयु, अरुणाचल प्रदेश—1971 और 1981
by religions, Arunachal Pradesh—1971 and 1981

इस समय विवाहित महिलाओं का प्रतिशत %of currently married women 1981	नगरीय Urban			
	माध्य Mean		माध्यिका Median	
	1971	1981	1971	1981
7	8	9	10	11
100.00	18.16	18.36	17.97	18.06
65.57	18.02	18.35	17.79	18.09
3.50	18.50*	17.20	19.12*	16.91
3.43	19.60*	19.30	19.36*	19.14
0.71	19.88*	—	20.14*	—
6.08	19.44	19.14	19.38	18.81
0.08	20.50*	—	20.50*	—
19.39	अनु० n.a.	18-10	अनु० n.a.	17.80
	—	16.90	—	16.77
	18.26	18.36	17.76	18.06

*The results are based upon estimates of less than 200 women.
n.a.—not available

विवरण 2.5 : शैक्षिक स्तरों के अनुसार ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में विवाह के समय

Statement 2.5 : Mean and median age at marriage in rural & urban areas

शैक्षिक स्तर Educational level	इस समय विवाहित महिलाओं का प्रतिशत %of currently married women 1981	ग्रामीण Rural			
		माध्य Mean		माध्यिका Median	
		1971	1981	1971	1981
1	2	3	4	5	6
सभी शैक्षिक स्तर All Educational levels	100.00	18.60	18.71	18.65	18.65
1. निरक्षर Illiterate	92.14	18.55	18.71	18.50	18.66
2. साक्षर लेकिन मिडिल से कम Literate but below middle	4.65		17.88		17.64
3. मिडिल लेकिन मैट्रिक से कम Middle but below matric	1.17	19.38	10.66	19.84	18.49
4. मैट्रिक लेकिन स्नातक से कम Matric but below graduate	1.57	20.08	20.12	20.32	19.87
5. स्नातक और अधिक Graduate & above	0.47	22.64*	22.25	22.23	22.43

विवरण से यह स्पष्ट है कि 1971-1981 के दौरान विशेषकर नगरीय क्षेत्रों में अरुणाचल प्रदेश में विवाह के समय माध्य और माध्यिका आयु में वृद्धि हुई है। तथापि, बौद्धों के मामले में ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों और हिन्दुओं के मामले में ग्रामीण क्षेत्रों में विवाह के समय माध्य और माध्यिका आयु में गिरावट आई है। विवरण 2.5 में शैक्षिक स्तर के अनुसार विवाह के समय की माध्य और माध्यिका आयु दी गई है। तुलना के लिए 1971 के तुलनात्मक आंकड़े भी दिए गए हैं। शैक्षित स्तर के साथ विवाह के समय माध्य आयु में भी वृद्धि हुई है। यह 1971 और 1981 में दोनों ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में देखा गया है।

It is clear from the statement that in Arunachal Pradesh mean and median age at marriage have increased during 1971-1981, particularly in urban areas. However, in case of Buddhists in rural and urban areas and in case of Hindus in rural areas the mean and median age at marriage have decreased. Statement 2.5 presents the mean and median age at marriage by educational levels. The corresponing figures for 1971 have also been presented for comparison. The mean age at marriage increases with educational levels. This is noticed in 1971 and 1981, both in rural and urban areas.

माध्य और माध्यिका आयु, अरुणाचल प्रदेश—1971 और 1981
by educational levels, Arunachal Pradesh—1971 & 1981

इस समय विवाहित महिलाओं का प्रतिशत % of currently married women 1981	नगरीय Urban			
	माध्य Mean		माध्यिका Median	
	1971	1981	1971	1981
7	8	9	10	11
100.00	18.16	18.38	17.92	18.06
55.69	17.75	17.78	17.43	17.46
17.47 8.42	18.42	17.49 18.56	18.09	17.27 10.36
13.92	20.61	20.20	20.55	20.00
4.50	21.60	22.44	21.23*	22.99

काश्तकारों और खेतिहर मजदूरों के लिए विवाह के समय आयु कोई अधिक भिन्न नहीं है। दोनों ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में शारीरिक काम करने वाले की अपेक्षा गैर शारीरिक श्रम करने वालों में विवाह के समय आयु अधिक है।

यह कहना अनुचित नहीं होगा कि ग्रामीण क्षेत्रों में काश्तकारों, खेतिहर मजदूरों गैर शारीरिक काम करने वालों और शारीरिक काम करने वालों के लिए आंकड़े अलग-अलग प्रस्तुत किए गये हैं। तथापि, नगरीय क्षेत्रों में काश्तकारों और खेतिहर मजदूरों को शारीरिक काम करने वालों के साथ जोड़ दिया गया है।

काम करने वाली महिलाओं की माध्य और माध्यिका आयु विवरण 2.6 में दी गई है।

The age at marriage is not very different for cultivators and agricultural labourers. Both in *rural and urban areas, the age at marriage for* non-manual workers is higher than that of manual workers.

It may be pointed out that in rural areas data have been presented separately for cultivators, agricultural labourers, non-manual and manual workers. In urban areas, however, cultivators and agricultural labourers have been clubbed with manual workers.

Statement 2.6 present main and median Age as marriage of female by worker category.

विवरण 2.6 : काम करने वाली श्रेणी के अनुसार इस समय विवाहित महिलाओं की विवाह के समय माध्य और माध्यिका आयु 1981

Statement 2.6 : Mean and median age at marriage of currently married women classified by their worker category—1981

काम करने वाली की श्रेणी Worker Category	ग्रामीण Rural			नगरीय Urban		
	इस समय विवाहित महिलाओं का प्रतिशत %of currently married women	माध्य Mean	माध्यिका Median	इस समय विवाहित महिलाओं का प्रतिशत %of currently married women	माध्य Mean	माध्यिका Median
1	2	3	4	5	6	7
सभी महिलायें All women	100.00	18.71	18.65	100.00	18.36	18.06
(क) मुख्य काम करने वाली Main workers	68.28	18.79	18.78	17.74	19.22	18.90
(i) काश्तकार Cultivators	64.06	18.81	18.81	—	n.a.	—
(ii) खेतिहर मजदूर Agricultural labourers	1.34	18.00	17.69	—	n.a.	—
(iii) गैर शारीरिक श्रम करने वाली Non manual worker	0.72	19.88	19.91	5.85	20.90	21.05
(iv) शारीरिक श्रम करने वाली Manual worker	2.16	18.42	18.23	11.89	18.39	10.02
(ख) सीमान्तिक काम करने वाली Marginal workers	8.49	18.67	18.52	0.81	—	—
(i) काश्तकार Cultivators	7.93	18.62	18.45	—	n.a.	—
(ii) खेतिहर मजदूर Agricultural labourers	0.41	19.50	19.54	—	n.a.	—
(iii) गैर शारीरिक श्रम करने वाली Non manual worker	0.04	—	—	0.10	—	—
(iv) शारीरिक श्रम करने वाली Manual worker	0.11	—	—	0.71	—	—
(ग) काम न करने वाली Non workers	23.23	18.49	18.36	81.44	18.17	17.91

टिप्पणी :—1. मुख्य काम करने वाली महिलाओं का शारीरिक/गैर शारीरिक श्रम करने वाली महिलाओं के रूप में वर्गीकरण नगरीय क्षेत्रों की सभी महिलाओं के लिए किया गया है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह वर्गीकरण केवल पारिवारिक उद्योगों और अन्य काम वाली महिलाओं के लिए ही किया गया है।

Note :—1. The categorization of main workers into manual/non manual has been done for all workers in urban areas while it has been done only for workers in household industries and other workers in rural areas.

2. गैर शारीरिक श्रम करने वाली महिलाओं के आंकड़ों में व्यवसायिक विभाजन 0-1, 2, 3, और 4 सम्मिलित हैं।

2. Non manual workers cover occupational divisions 0-1, 2, 3, and 4

3. कालम 2 और 5 के इन्दराज का योग 100 नहीं होगा क्योंकि इनका पूर्णांक किया गया है।

3. Entries in col. 2 & 5 may not add in to 100.00 because of rounding off.

पश्चिम कामेंग जिले में दोनों ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में विवाह के समय माध्य और माध्यिका आयु सबसे अधिक थी और लोअर सुबंसिरी जिले में यह सबसे कम पाई गई है। जिलों के अनुसार विवाह के समय माध्य आयु 19.7 से 17.6 वर्ष के बीच है। विवाह के समय माध्यिका आयु 19.7 से 17.4 वर्ष के बीच है।

The mean and median age at marriage is highest in West Kameng district and Lower Subansiri district both in rural and urban areas. The mean age at marriage varies from 19.7 to 17.6 years by districts. The median age at marriage varies from 19.7 to 17.4 years.

विवरण 2.7 : अरुणाचल प्रदेश की कुल जनसंख्या, ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के लिए इस समय विवाहित स्त्रियों की विवाह के समय माध्य और माध्यिका आयु, 1981

Statement 2.7 : Mean and median age at marriage of currently married women for Total, Rural and Urban areas, Arunachal Pradesh— 1981

संघ राज्यक्षेत्र/जिला Union Territory/District	विवाह के समय माध्य आयु Mean age at Marriage			विवाह के समय माध्यिका आयु Median age at marriage		
	योग Total	ग्रामीण Rural	नगरीय Urban	योग Total	ग्रामीण Rural	नगरीय Urban
1	2	3	4	5	6	7
अरुणाचल प्रदेश Arunachal Pradesh	18.7	18.7	18.4	18.6	18.6	18.1
1. पश्चिमी कामेंग West Kameng	19.7	19.8	19.0	19.7	19.7	18.8
2. पूर्वी कामेंग East Kameng	18.4	18.4	—	18.4	18.4	—
3. लोअर सुबसिरी Lower Subansiri	17.6	17.6	18.3	17.4	17.3	18.0
4. अपर सुबंसिरी Uppar Subansiri	17.9	17.9	—	17.5	17.5	—
5. पश्चिमी सियांग West Siang	18.1	18.0	18.4	17.8	17.7	18.1
6. पूर्वी सियांग East Siang	19.2	19.3	18.3	19.1	19.3	18.1
7. दिबांग वैली Dibang Valley	18.7	18.7	—	18.6	18.6	—
8. लोहित Lohit	18.8	18.9	17.9	18.7	18.8	17.9
9. तिराप Tirap	19.7	19.7	—	19.6	19.6	—

अध्याय III
CHAPTER—III

प्रजननता

1981 की जनगणना में प्रजननता के बारे में चार प्रश्न पूछे गये थे। ये प्रश्न विवाह के समय आयु, जीवित बच्चों की संख्या, कभी भी पैदा हुए बच्चों की संख्या और पिछले एक वर्ष के दौरान पैदा हुए बच्चे के बारे में थे। प्रथम तीन प्रश्न कभी भी विवाहित सभी स्त्रियों के बारे में पूछे गए थे जबकि अन्तिम प्रश्न इस समय विवाहित स्त्रियों के बारे में पूछा गया था।

इन आंकड़ों से संघ राज्यक्षेत्र और जिला स्तर पर विस्तृत प्रजननता संकेतक प्रस्तुत करने में सहायता मिलती है। प्रजननता संकेतक जिनके आधार पर सूचना प्रस्तुत की गई है, आयु विशिष्ट प्रजननता दर (ए० एस० एफ० आर०), आयु विशिष्ट वैवाहिक प्रजननता दर (ए० एस० एम० एफ० आर०), सामान्य वैवाहिक प्रजननता दर (जी० एम० एफ० आर०), कुल वैवाहिक प्रजननता दर (टी० एम० एफ० आर०), सामान्य प्रजननता दर (जी० एफ० आर०) तथा कुल प्रजननता दर (टी० एफ० आर०) के बारे में है और पिछले वर्ष के दौरान जन्म से संबधित प्रश्न पर आधारित है। इन शब्दों की परिभाषा इस प्रकार है :-

आयु विशिष्ट प्रजननता दर (ए० एस० एफ० आर०)	किसी विशिष्ट आयु समूह मे प्रति महिला के पिछले वर्ष के दौरान जीवित पैदा हुए बच्चों की औसत संख्या।	Age specific fertility rate (ASFR)	The average number of children born alive during the last year per woman of a particular age group.
आयु विशिष्ट वैवाहिक प्रजननता दर (ए० एस० एम० एफ० आर०)	किसी विशिष्ट आयु समूह में प्रति विवाहित महिला के पिछले वर्ष के दौरान जीवित पैदा हुए बच्चों की औसत संख्या।	Age specific marital fertility rate (ASMFR)	The average number of children born alive during the last year per married woman of a particular age group.

Fertility

